# Practice paper (2023-24)

**CLASS : 12th (Sr.Secondary)** **Code No.523** **SET : A**

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | |

**हिंदी ऐच्छिक (Hindi Elective)** **ACADEMIC / OPEN**

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 9 तथा 11 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोडनं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

*सामान्य निर्देश:*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।
(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित 'निर्देश दिए गए हैं।
(iv) प्रश्न के उपभागों को यथा संभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।
(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

## खंड - क

**प्रश्न-1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 1x5=5

संवाद में दोनों पक्ष बोले यह आवश्यक नहीं प्रायएक व्यक्ति की संवाद में मौन भागीदारी अधिक लाभकर होती है यह स्थिति संवादहीनता से भिन्न है। मन से हारे दुखों व्यक्ति के लिए दूसरा पक्ष अच्छे वक्ता के रूप में नहीं अच्छे श्रोता के रूप में अधिक लाभकर होता है। बोलने वाले के हावभाव और उसका सलीका, उसकी प्रकृति और सांस्कृतिक-सामाजिक पृष्ठभूमि को पल भर में बता देते हैं। संवाद से संबंध बेहतर भी होते हैं और अशिष्ट संवाद संबंध बिगाड़ने का कारण भी बनता है। बात करने से बड़े-बड़े मसले, अंतर्राष्ट्रीय समस्याएँ तक हल हो जाती हैं। पर संवाद को सबसे बड़ी शर्त है

Downloaded from cclchapter.com

एक-दूसरे की बातें पूरे मनोयोग से, संपूर्ण धैर्य से सुनी जाएँ। श्रोता उन्हें कान से सुनें और मन से अनुभव करें तभी उनका लाभ है, तभी समस्याएँ सुलझने की संभावना बढ़ती है और कम-से-कम यह समझ में आता है कि अगले के मन की परतों के भीतर है क्या? सच तो यह है कि सुनना एक कौशल है जिसमें हम प्रायः अकुशल होते हैं। दूसरे की बात काटने के लिए, उसे समाधान सुझाने के लिए हम उतावले होते हैं और यह उतावलापन संवाद की आत्मा तक हमें पहुँचने नहीं देता। हम तो बस अपना झंडा गाड़ना चाहते हैं। तब दूसरे पक्ष को झुंझलाहट होती है। वह सोचता है व्यर्थ ही इसके सामने मुँह खोला। रहीम ने ठीक ही कहा था- "सुनिअलैिहैं लोग सब, बाँटि न लैहँकोय।" ध्यान और धैर्य से सुनना पवित्र आध्यात्मिक कार्य है और संवाद की सफलता का मूल मंत्र है। लोग तो पेड़-पौधों से, नदी-पर्वतों से, पशु-पक्षियों तक से संवाद करते हैं। राम ने इन सबसे पूछा था- 'क्या आपने सीता को देखा ?' और उन्हें एक पक्षी ने ही पहली सूचना दी थी। इसलिए संवाद की अनंत संभावनाओं को समझा जाना चाहिए ।

1. संवाद में क्या आवश्यक नहीं है?
   (क) किसी एक पक्ष का बोलना
   (ख) दोनों पक्षों को बोलना
   (ग) दोनों पक्षों को होना
   (घ) किसी एक पक्ष का होना
2. वक्ता की प्रकृति और सांस्कृतिक सामाजिक पृष्ठभूमि का पता कैसे चलता है?
   (क)उसके पहनावे से
   (ख) उसके चेहरे से
   (ग) उसके हावभाव से
   (घ)उसके घर से
3. अशिष्ट संवाद किसका कारण बनता है?
   (क) संबंध बिगड़ने का (ख) संबंध बेहतर करने का
   (ग) मृत्यु का (घ) स्वस्थ होने का
4. किस कौशल में हम प्रायः अकुशल रहते हैं?
   (क) सुनने में
   (ख) बोलने में
   (ग)पढ़ने में
   (घ)लिखने में
5. संवाद की सफलता का मूलमंत्र क्या है?
   (क)बोलना (ख) ऊंचा बोलना
   (ग) दूसरे पक्ष की बात काटना (घ) ध्यान और धैर्य से सुनना

Downloaded from cclchapter.com

**प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

लोहे के पेड़ हरे होंगे, तू गान प्रेम का गाता चल, नम होगी यह मिट्टी जरूर आँसू के कण बरसाता चल ।

सिसकियों और चीत्कारों से, जितना भी हो आकाश भरा, कंकालों का हो ढेर, खप्परों से चाहे हो पटी धरा । आशा के स्वर का भार, पवन को लेकिन, लेना ही होगा. जीवित सपनों के लिए मार्ग मुर्दों को देना ही होगा। रंगों के सातों घट उड़ेल, यह अँधियाली रंग जाएगी, उषा को सत्य बनाने को जावक नभ पर छितराता चल । आदर्शों से आदर्श भिड़े, प्रजा प्रज्ञा पर टूट रही, प्रतिमा प्रतिमा से लड़ती है. धरती की किस्मत फूट रही आवत का है विषम जाल, निरुपाय बुद्धि चकराती है. विज्ञान- यान पर चढ़ी हुई सभ्यता डूबने जाती है। जब-जब मस्तिष्क जयी होता. संसार ज्ञान से चलता है. शीतलता की है राह हृदय, तू यह संवाद सुनाता चल ।

1- लोहे के पेड़ किसके प्रतीक हैं ?

(क) नकली पेड़
(ग) मशीनी संस्कृति
(ख) मशीनें
(घ) विज्ञान

2- नम होगी यह मिट्टी जरूर कहकर कवि किस और संकेत कर रहा है ?

(क) प्रेम के बल पर शुष्क हृदयों में भाव भरे जा सकते हैं
(ख) वर्षा न होने के कारण सूखी मिट्टी वर्षा आने पर नमजरूर हो जाएगी।
(ग) सूखी आंखें फिर आंसुओं से नम हो जाएंगी
(घ) इतने आंसू बहाओ की मिट्टी गीली हो जाए।

3- दुख और निराशा के वातावरण में मनुष्य का क्या कर्तव्य होना चाहिए ?

(क) सपने देखें और साकार करें
(ख) आशा का संचार करें
(ग) मिट्टी नम करें
(घ) विज्ञान यान पर सवार हो

4- प्रेम की भावना से इस भौतिक बौद्धिक संसार पर विजय पाई जा सकती है यह भाव किस पंक्ति से व्यंजित हो रहा है ?

(क) जीवित सपनों के लिए मार्ग मुर्दों को देना ही होगा
(ख) आशा के स्वर का भार पवन को लेकिन लेना ही होगा
(ग) शीतलता की है राह हृदय, तू यह संवाद सुनाता चल
(घ) जब जब मस्तिष्क जयी होता संसार ज्ञान से चलता है।

5 विज्ञान यान में कौन सा अलंकार है?

(क) अनुप्रास अलंकार
(ख) उपमा अलंकार
(ग) रूपक अलंकार

Downloaded from cclchapter.com

(घ) अन्योक्ति अलंकार

## खंड -ख

**प्रश्न-3 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1x10=10**

1. कंधों पर बाल छिटकाए खंभे के सहारे कौन खड़े दिखाईपड़े?

(क)चौधरी साहब (ग) शुक्ल जी

(ख) पंडित जी (घ) अजनबी

2. पिता और अध्यापक को क्या चिंता होने लगी?

(क) बालक कौन सी मिठाई माँग बैठे।

(ख) प्रधानाचार्य का बेटा कौन सा इनाम माँग पड़े।

(ग) पढ़ाई का पुतला कौन सी पुस्तक माँग बैठे।

(घ) महाशय कौन सा प्रश्न पूछ बैठे।

3. संध्या के समय हर की पौड़ी पर किसकी आरती की जाती है

क) गंगा की

ख) मूर्ति की

ग) शिव की

घ) इनमें से कोई नहीं

4. जहां कोई वापसी नहीं पाठ की मूल संवेदना क्या है ?

क )वृक्षारोपण की समस्या

ख)प्रदूषण की समस्या

ग)विस्थापन की समस्या

घ)भ्रष्टाचार की समस्या

5). शेर पहचान चार हाथ और सांझा यह कौन सी विधा है?

क) कहानी

ख) लघुकथाएं

ग) संस्मरण

घ) निबंध

6. शेर कैसी लघुकथा है ?

क )प्रतीकात्मक और व्यंग्यात्मक

ख) दृश्यत्मक और प्रतीकात्मक

ग) प्रतीकात्मक और मनोरंजक

घ) आदर्शात्मक

7. गांधी का आश्रम कहाँ स्थित था?

(क)सेवाग्राम

(ख) नौगाँव

(ग) पंचगाँव

Downloaded from cclchapter.com

(घ)सभापुर गाँव

8) 'संवदिया' का अर्थ है-

क) डाकिया

ख) संदेशवाहक

ग) घुड़सवार

घ) रक्षक

9)मोदी आइन बड़ी बहू को जली-कटी क्यों सुना रही थी?

क) बड़ी बहू की उससे लड़ाई हुई थी।

ख) बिना किसी बात के

ग) वो उससे जलती थी।

घ) अपना उधार वापस लेने के लिए।

10. लेखक ने कुटज के जीवन की तुलना किससे की है?

(क)राजा पृथु से

(ख)राजा जनक से

(ग)राजा दशरथ से

(घ) राजा हरिश्चंद्र से

**प्रश्न-4निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x5= 5**

कुटज के ये सुंदर फूल बहुत बुरे तो नहीं हैं। जो कालिदास के काम आया हो उसे ज्यादा इत्ज्तत मिलनी चाहिए। मिली कम है। पर इज्ज़त तो नसीब की बात है। रहीम को मैं बड़े आदर के साथ स्मरण करता हूँ। दरियादिल आदमी थे, पाया सो लुटाया। लेकिन दुनिया है कि मतलब से मतलब है, रस चूस लेती है, छिलका और गुठली फेंक देती है सुना है, रस चूस लेने के बाद रहीम को भी फेंक दिया गया था। एक बादशाह ने आदर के साथ बुलाया, दूसरे ने फेंक दिया हुआ ही करता है। इससे रहीम का मोल घट नहीं जाता।

1.प्रस्तुत पाठ किस विधा में लिखा गया है?

(क) उपन्यास

(ख) कहानी

(ग) निबंध

(घ) लेख

2. मन के विकल्प किन्हें कहा गया है?

(क)सुख-दुख

(ख) आमोद-प्रमोद

(ग)जन्म-मृत्यु

(घ)जय-पराजय

(ङ) सुख दुख

Downloaded from cclchapter.com

3. लेखक ने कुटज के जीवन की तुलना किससे की है?

(क) राजा पृथु से

(ख) राजा जनक से

(ग) राजा दशरथ से

(घ) राजा हरिश्चंद्र से

4. दाँत निपोरना' का क्या अर्थ है?

(क)गिड़गिड़ाना

(ख) ठहाका लगाना

(ग)विलाप करना

(घ)काँपना

5. दुनिया की किस वृत्ति का मार्मिक चित्रण हुआ है?

(क)परस्वार्थ वृत्ति का

(ख) दान वृत्ति का

(ग)स्वार्थ वृत्ति का

(घ)आधुनिक वृत्ति का

**प्रश्न-5निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2×2=4**

(क) हरगोविंद बड़ी हवेली में पहुंचकर अतीत के किन स्मृतियों में खो जाता है?

(ख) शेर के मुंह और रोजगार के दफ्तर के बीच क्या अंतर है?

(ग) उसे छोटी सी मुलाकात में संभव के मन में क्या हलचल उत्पन्न कर दी इसका सूक्ष्म विवेचन कीजिए।

**प्रश्न-6 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1X10=10**

1 उषा देवी प्रातःकाल सूर्य रूपी स्वर्णिम घट लेकर कहाँ उड़ेलती है?

(क) पूर्वी सागर में

(ख) पश्चिमी सागर में

(ग) उत्तरी सागर में

(घ) दक्षिणी सागर में

2 देवसेना की हृदयय की वेदना सजीव बनकर किसके माध्यम से व्यक्त हुई है?

(क) शब्दों के माध्यम से

(ख) पक्षियों के माध्यम से

(ग) पत्रों के माध्यम से

(घ) ये सभी विकल्प

3 कार्नेलिया का गीत कविता किस रचना का अंश है ?

क) स्कंद गुप्त नाटक का

Downloaded from cclchapter.com

ख) चंद्रगुप्त नाटक का

ग) कामायनी का

घ) ध्रुवस्वामिनी का

4. देव सेना का गीत और कार्नेलिया का गीत रचना के कवि कौन हैं ?

क) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

ख) जयशंकर प्रसाद

ग) महादेवी वर्मा

घ) विष्णु खरे

5. सरोज की मृत्यु कहाँ हुई थी?

क)अपने ससुराल में

ख)अपने पिता के घर में

ग)अपने नानी के घर में

घ)अपने माता के घर में

6. कविता में कवि ने दीप किसे कहा है?

क) आदमी को

ख) दीपक को

ग) सम्मान को

घ) उपरोक्त सभी

7. 'बनारस' कविता में कवि ने बनारस के लोगों के व्यवहार की चित्रण किया है।वह कैसे व्यवहार करते हैं?

(क) वे बहुत अराम से रहते हैं

(ख) वे अपने कामों में बहुत उत्सुक होते हैं।

(ग) वे धीरे-धीरे और एक 'रो' में काम करते हैं

(घ) वे हमेशा आलस्य करते हैं

8. बालक के द्वारा क्या माँगने पर लेखक ने सुख की साँस ली?

(क) किताब

(ख) खिलौना

(ग) लड्डू

(घ) बरफी

9. बालक के द्वारा यह कहे जाने पर कि मैं यावत्जन्म लोकसेवा करूँगा' दर्शाता है कि वह

(क) लोकसेवा करना चाहता था।

(ख) सिखाया हुआ उत्तर दे रहा था।

(ग) लड्डू खाना चाहता था।

(घ) ढेले चुनकर उत्तर दे रहा था।

10. कवि ने बनारस को किसका शहर माना है?

क) श्रद्धा

Downloaded from cclchapter.com

ख) भक्ति

ग) आस्था

घ) ये सभी विकल्प

**प्रश्न-7 निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:6x1=6**

लघु सुरधनु से पंख पसारे शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए- समझ नीड़
निज प्यारा ।

**अथवा**

यह दीप अकेला स्नेह भरा है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो।
यह जन है- गाता गीत जिन्हें फिर और कौन गाएगा ?
पनडुब्बा ये मोती सच्चे फिर कौन कृती लाएगा ?
- यह समिधा ऐसी आग हठीला बिरला सुलगाएगा।
यह अद्वितीय यह मेरा यह मैं स्वयं विसर्जित -
यह दीप, अकेला, स्नेह भरा है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो।

**प्रश्न-8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2x2=4**

(क) विद्यापति के पद में प्रियतमा के दुख का क्या कारण है?

(ख) भरत का आत्म परिताप उसके चरित्र के किस उज्ज्वल पक्ष की ओर संकेत करता है?

(ग) बसंत आया कविता में कवि की चिंता क्या है? उसका प्रतिपाद्य लिखिए?

## खंड. ग

**प्रश्न-9 'अंतराल (भाग - 2)' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर दीजिए: 2×3=6**

(क) भैरो ने सूरदास की झोपड़ी क्यों जलाई?

(ख) कोइयां किसे कहते हैं? उसकी विशेषताएं बताइए।

(ग) महीप अपने विषय में बात पूछे जाने पर उसे टाल क्यों देता था?

(घ) गरमी और लू से बचने के उपायों का विवरण दीजिए।

## खंड - घ

**प्रश्न-10 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(क) **1x4=4**

(i) प्रिंट माध्यम का क्या आशय है?

(ii) समाचार लेखन के छह ककारों का नाम लिखिए?

(iii) एंकर बाइट किसे कहते हैं?

(iv) साइबर पत्रकारिता किसे कहा जाता है?

Downloaded from cclchapter.com

(ख) **3X2=6**

(i) कहानी का नाटक रूपांतरण करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(ii) बीटरिपोर्टिंग और विशेषीकृत रिपोर्टिंग में क्या अंतर है?

(ग) 1 नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन में कौन-कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए?
**5**

**अथवा**

2 नाटक के विभिन्न तत्वों पर प्रकाश डालिए।

## खंड-ड.

**प्रश्न-11 'नैतिक शिक्षा' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2x5=10**

(क) सनातन धर्म से क्या अभिप्राय है?

(ख) हेमू ने आदिलशाह के राज्य की सुरक्षा किन-किन विद्रोहियों से की?

(ग) अस्वच्छता सेक्या- क्या हानियाँ हैं?

(घ) बल्लभ भाई पटेल के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(ड.) गीता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

Downloaded from cclchapter.com